राँची के स्मार्ट सिटी में बनेगा ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क

चर्चा में क्यों?

6 जुलाई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की राजधानी राँची के धुर्वा स्थित स्मार्ट सिटी की सवा चार एकड़ ज़मीन पर देश का 11वाँ ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क बनने का रास्ता साफ हो गया है। पार्क के निर्माण पर करीब 14 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

प्रमुख बिंदु

- शहर में सड़कों पर यातायात का बोझ बढ़ता जा रहा है, लेकिन उस अनुपात में ट्रेंड ड्राइवर नहीं हैं। यही वजह है कि राज्य में रोजाना 10 लोगों की मौत सड़क हादसे में हो रही है। इसलिये ही यहाँ ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है।
- ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क के बनने से वाहन चलाने के तरीके, ट्रैफिक से जुड़े चिह्न और नियमों की जानकारी बच्चों व उनके अभिभावकों को मिल सकेगी।
- वहीं, अंडरपास, सिग्नल, रेलवे फाटक व सड़क के तीखे मोड़ सहित अन्य स्थानों पर लगे साइन बोर्ड, विभिन्न प्रकार के गाड़ियों की गति कहाँ पर क्या होनी चाहिये व वाहनों के ओवरटेक करने से होने वाले नुकसान संबंधी जानकारी ट्रैफिक पार्क में आसानी से मिलेगी।
- पार्क में बच्चों के मनोरंजन के भी साधन होंगे। खेलकूद व बैटरी वाहन की व्यवस्था होगी। बैटरी गाड़ी चलाते वक्त ट्रैफिक सिग्नल की महत्ता की भी जानकारी बच्चों को दी जाएगी।
- विदित है कि पूर्व में परिवहन विभाग ने यह पार्क हैवी इंजीनियरिंग कार्पोरेशन (एचइसी) द्वारा आवंटित ज़मीन पर बनाने का निर्णय लिया था। इसके लिये डीपीआर तैयार कराने के बाद टेंडर निकाल कर संवेदक को कार्य आवंटित कर दिया गया था। लेकिन, छह माह पूर्व जिस दिन कार्य शुरू होना था, उसी दिन एचइसी ने विरोध दर्ज कराते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी।
- इसके बाद मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने स्मार्ट सिटी में ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क बनाने के लिये जमीन देने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया था।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/traffic-children-park-to-be-built-in-ranchi-smart-city